an>

title: Need to start procurement of paddy in Sindhudurg-Ratnagiri area of Maharashtra.

**श्री विनायक भाऊराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग) :** उपाध्यक्ष महोदय, धान उत्पादक किसानों की समस्या शून्य काल के माध्यम से मैं इस सभागृह में रख रहा हूं।

इस वक्त महाराष्ट्र के साथ कई राज्यों के किसानों की धान की फसल आ चुकी है। हर वर्ष नवम्बर और दिसम्बर के फर्स्ट वीक में राज्य सरकारें केन्द्र सरकार के निर्देश के ऊपर धान खरीदी केन्द्र शुरू करती हैं और केन्द्र सरकार जो दर निश्चित करती है, उस हिसाब से धान खरीदी करने का प्रयास राज्य सरकार करती है। उसका फायदा किसानों को होता है, लेकिन दुर्भाग्य से इस वर्ष दिसम्बर का थर्ड वीक शुरू होने के बावजूद भी महाराष्ट्र के मेरे क्षेत्र रत्नागिरि-सिंधुदुर्ग और कई जिलों में धान खरीदी केन्द्र शुरू नहीं हुए हैं। वहां के दलाल इसका नाजायज फायदा उठाते हैं। इस बार सरकार ने इसकी दर 1450 रुपए निश्चित की थी, लेकिन खरीदी केन्द्र शुरू न होने की वज़ह से वहां के जो दलाल हैं, वे 700-800 रुपए में उसे खरीदते हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से विनती करता हूं कि वे राज्य सरकार को निर्देश दें और रत्नागिरी-सिन्धुदुर्ग जिले के साथ-साथ सारे देश में धान खरीदी केन्द्र शुरू करने की आज्ञा दें।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Dr. Satya Pal Singh, Shri Arvind Sawant, Shri Rahul Ramesh Shewale, Shri Ashwini Kumar Choubey, Kunwar Pushpendra Singh Chandel and Shri Shrirang Appa Barne are allowed to associate with the demand raised by Shri Vinayak Raut during the 'Zero Hour' today on paddy procurement in India.